राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा ने आईएमआई 5.ओ के तीनों चरण सफलतापूर्वक किये पूरे

चर्चा में क्यों?

17 अक्तूबर, 2023 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के मिशन निदेशक राजनारायण कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा ने सघन मिशन इंद्रधनुष 5.ओ टीकाकरण के तीनों चरणों में सफलतापूर्वक शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल किया है।

प्रमुख बिंदु

- मिशन निदेशक राजनारायण कौशिक ने बताया कि जिन बच्चों और गर्भवती महिलाओं को किसी कारण टीका नहीं लगा था, उन्हें अभियान आईएमआई 5.ओ के तहत कवर किया गया है। विभाग द्वारा अभियान के तहत 44895 गर्भवती महिलाओं और 195268 बच्चों का टीकाकरण किया गया।
- उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने कोविन वैक्सीनेशन के सफल क्रियान्वयन के बाद यू-विन (विनिंग ओवर यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन) को एबीडीएम के अनुसार हेल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन, हेल्थ केयर फैसलिटी रजिस्ट्रेशन और आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट के साथ जोड़ा है।
- इसका मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवाना है। इससे सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के स्वास्थ्य सेंटरों पर पहुँचने वाले लाभार्थियों का रिकॉर्ड जोड़ा जाएगा।
- रिकॉर्ड के एक बार डिजिटल होने से भारत में किसी भी स्थान पर गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों को लगने वाले संपूर्ण टीकाकरण की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के पास होगी। वहीं निर्धारित समयावधि पर लगने वाले टीके को लेकर भी लाभार्थी को मैसेज द्वारा जानकारी भेजी जाती है, ताकि कोई भी गर्भवती या बच्चा टीकाकरण से छूट न पाए।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के निदेशक डॉ. कुलदीप ने बताया कि भारत का एमआर उन्मूलन लक्ष्य 2023 है, लेकिन हाल ही में खसरे के मामलों में वृद्धि हुई है। खसरा और रूबेला उन्मूलन के रोडमैप पर देश की प्रगति को फिर से व्यवस्थित करने और एमआर-आईईएजी की 5वीं बैठक में दिये गए लक्ष्य के अनुसार देश में आईएमआई 5.ओ के माध्यम से खसरा और रूबेला के टीके की दो खुराक दिये जाने की 95 प्रतिशत से अधिक कवरेज को प्राथमिकता दी जा रही है।
- लक्ष्यों को पाने के लिये सघन मिशन इंद्रधनुष के तीन दौर आयोजित किये गए, जिसके तहत सभी ज़िलों को कवर किया गया है। लाभार्थी 05 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चे और गर्भवती महिलाएँ, जिनकी कोई भी खुराक छूट गई, उन्हें लक्षित किया गया है।
- राज्य नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र अहलावत ने बताया कि नूंह और पलवल में तीसरा चरण बाकी है, जिसे जल्द ही आयोजित किया जाएगा। अगस्त में पहले चरण के दौरान बच्चों के टीकाकरण का 66463 लक्ष्य रखा गया था, जिसके तहत 58135 बच्चों को कवर किया गया। दूसरे चरण में 72591 लक्ष्य के मुकाबले 67036 बच्चों और तीसरे चरण में 69841 लक्ष्य के मुकाबले 70097 बच्चों को कवर किया गया, यानी तीसरे चरण में विभाग ने 100.1 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया।
- इसी तरह से गर्भवती महिलाओं को पहले चरण में लक्ष्य 13660 के मुकाबले 15472 लक्ष्य से अधिक टीकाकरण करके कवर किया गया। दूसरे चरण में गर्भवतियों को लक्ष्य 13752 के मुकाबले 15712 और तीसरे चरण में लक्ष्य 13720 के मुकाबले 13711 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करके कवर किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-health-mission-haryana-successfully-completes-all-three-phases-of-imi-5-o